तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 18 जुलाई 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


4 हरदीबाजार बस स्टैंड, कालेज रोड मुख्य मार्ग पर पसरी गंदगी



## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय तैराकी चयन ट्रायल सम्पन्न

**कोरबा।** स्वीमिंग एसोसिएसशन के द्वारा जिला स्तरीय तैराकी चयन ट्रायल किया गया। एसोसिएशन के सचिव अशोक सक्सेना ने बताया कि बालक एवं बालिका ग्रुप 1, 2 एवं 3 तैराकों ने भाग लिया। इस चयन ट्रायल में 14 बालक-बालिका ने भाग लिया जिनका चयन किया गया। इसमें चयनित तैराक आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 26 जुलाई 2024 से 28 जुलाई 2024 तक भिलाई डीपीएस स्कूल रिसाली में आयोजित होना है। प्रतियोगिता में कोरबा जिले के तैराक प्रतिनिधित्व करेंगे। इस ट्रायल को सफल बनाने में राजेश श्रीवास्तव, गुलशन राजपूत, रूपिन राज, निर्मल बचर, श्रीमती सीमा सक्सेना ने सहयोग प्रदान किया।

### जनपद सदस्यों को डीएमएफ से मिले 25 लाख रूपये

**कोरबा।** मोनिका अरविंद भगत जो कि जनपद पंचायत कोरबा की क्षेत्र कमांक 20 गोड़मा से जनपद सदस्य निर्वाचित हैं। मेरी यह मांग है कि जिले के सभी जनपद सदस्यों को अपने संबंधित ग्राम पंचायतोमें विकास कार्य करवाने हेत जिला खनिज न्यास संस्थान मद से 25-25 लाख रूपये प्रदान करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें क्योंकि पूर्व में खनिज न्यास संस्थान मद से जनता की मांगो पर ग्राम पंचायतो में विकास कार्य रवीकृत कराने में जनपद सदस्यों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है एवं क्षेत्र में 25-25 लाख रूपये सभी ग्राम पंचायतो में स्वीकृत होने से सामान्य रूप से चौमुखी विकास ग्रामीण क्षेत्रो के ग्राम पंचायतो में होगा। उक्त मांग पर विचार करते हुए डीएमएफ की आगामी दिनों में होने वाली बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया जाए।

### छतग़ पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक संपन्न

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ कोरबा की बैठक आपने थियेटर घंटाघर में आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री से मांग कि गई कि लंबित 4 प्रतिशत मंहगाई राहत देने की घोषणा करे, संघठन को मजबूत करने तथा अपने अधिकारो को प्राप्त करने का संकल्प लिया गया, पर्यावरण सुरक्षा के लिए पेंशनर साथियों से एक पेड मां के नाम लगाने का आह्वान किया गया, बैठक में आबकारी विभाग से सेवानिवृत्त हीरामन सिंह को सदस्यता दिला कर स्वागत किया गया, बैठक में अध्यक्ष आर के शर्मा, एस एस तोमर, एस के विश्वास, पी एल चौधरी, के आर टण्डन, नन्दराम बाविसटाले, एन के नामदेव, राजेन्द्र जोशी, रामाराव यादव, पी एल चौहान, आर के पाण्डेय, प्रदीप जायसवाल, दीपचंद श्रीवास, एम एल श्रीवास्तव, आदि उपस्थित थे।

### उपभोक्ताओं ने दफ्तर घेराव की दी चेतावनी

**कोरबा।** बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के बिजली बिल की राशि में अनावयक रूप से बढोत्तरी की गई है। जिसकी वजह से प्रायः सभी उपभोक्ता परेशान हो रहे है। युवा कांग्रेसियों ने बताया कि शहरी क्षेत्र में लगातार बिजली की कटौती की जा रही है। जिससे आवश्यक कार्य जो बिजली से सम्बधित है वह नहीं हो पा रहा है। यह हाल शहरी क्षेत्र का है, इससे भी बदतर ग्रामीण क्षेत्र का है जहां कई महीनों तक बिजली गुल रहती है बिजली विभाग द्वारा गरीब जनता के बिजली बिल में बढ़ोत्तरी कर के भेजा जा रहा है उसे तत्काल बन्द करे एवं नये अधिकारी व कर्मचारी का तत्काल चयन करे। सभी गरीब जनता व उपभोक्ता की समस्या का जल्द से जल्द निराकरण किया जाए। बिजली बिल में गड़बड़ी रहने पर अधिकारी द्वारा सुधार किया जाए और उपभोक्ताओं को गलत बात करके पूरा बिल का भुगतान करने के लिए अधिकारियों द्वारा बोला जाता है जो कि गलत है। कांग्रेसियों ने कहा कि 7 दिनों के भीतर कार्यवाही नहीं किया जाता है बिजली विभाग का घेराव करने बाध्य होंगे।

# आश्रम छात्रावास के सैकड़ों बच्चों को है मेडिकल किट का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों में चलने वाले अनुसूचित जाति, जनजाति छात्रावास व आश्रम में निवासरत सैकड़ों ग्रामीण बच्चों को मेडिकल किट का इंतजार बना हुआ है, जो उन्हें मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए प्रति वर्ष आश्रम छात्रावासों के शुरू होने से पूर्व आश्रम अधीक्षकों को विभाग के द्वारा दिया जाता है। एक माह से अधिक का समय गुजरने के बावजूद अब तक मेडिकल किट नहीं पहुंची है।

आदिम जाति कल्याण विभाग के अंतर्गत प्री मेट्रिक, पोस्ट मैट्रिक के 100 सीटर, 50 सीटर आश्रम छात्रावास व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सहित कुल 187 आश्रम छात्रावास संचालित हैं, जहां सैकड़ों बच्चे जो ग्रामीण अंचलों से आते हैं। साल भर स्कूलों में पढ़ाई के दौरान निवास करते हैं। जिनके रहने व खाने का खर्च शासन द्वारा दी जाने वाली शासकीय मद से किया ⏭ शेष पेज 3 पर

## बारिश के मौसम में मौसमी बीमारियों का चल रहा है दौर

**खास बात**

- अधीक्षकों को दी गई है पीड़ित छात्रों के उपचार की जिम्मेदारी



### चिकित्सकों की है सुविधा

आदिवासी कल्याण विभाग द्वारा आश्रम छात्रावासों में बच्चों के उपचार के लिए मानदेय के आधार पर चिकित्सकों की सुविधा प्रदान की गई है, जो प्रत्येक सप्ताह एक दिन आश्रम छात्रावासों में पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाता है। जिसमें बीमारी से पीड़ित व्यक्ति का तत्कालीक उपचार की सुविधा दी जाती है या फिर उनहें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया जाता है। इस वर्ष भी विभाग ने चिकित्सकों की सुविधा प्रदान करने की तैयारी कर ली है।

### 80 प्रतिशत वनांचल क्षेत्र में हैं संचालित

आदिवासी कन्या आश्रम छात्रावास व अनुसूचित जनजाति छात्रावास अधिकांशतः ग्रामीण व वनांचल क्षेत्रों में संचालित हैं। जहां हॉस्पिटल की सुविधा नहीं है, ऐसे क्षेत्रों में अचानक छात्रावासी बच्चों के संक्रामक बीमारियों की चपेट में आने से उपचार की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती। ऐसी स्थिति में मेडिकल किट एक बड़ी सुविधा रहती है और इसके सहारे कई छोटे छोटे संक्रामक बीमारियों का उपचार इन्हीं दवाईयों के सहारे हो जाता है। बारिश का मौसम का मौसम होने के कारण पानी बदल चुका है। लिहाजा डायरिया व अन्य संक्रामक बीमारियों का इस समय जोर पकड़ा हुआ है। ऐसे में मेडिकल किट सुलभ न होना समस्या को गहराता है।

## एक दिन पहले ही इसी क्षेत्र के ग्राम गुरमा में 15 वर्षीय बच्ची की हुई थी मौत

# उल्टी दस्त से पीड़ित 12 वर्षीय पहाड़ी कोरवा बच्ची की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्राम डूमरडीह में उल्टी-दस्त से पीड़ित एक 12 वर्षीय पहाड़ी कोरवा बच्ची की मौत हो गई। एक दिन पूर्व ही इसी क्षेत्र के ग्राम गुरमा में एक 15 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने बताया है कि इस क्षेत्र में महामारी फैल गई है जिसने कई ग्रामीणों को अपनी चपेट ले लिया है। यही वजह है कि अकारण ही लोग काल के गाल में समाते जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग दो बच्चों के मौत के बाद भी बेखबर नजर आ रहा है।

**खास बातें**

- ग्रामीणों ने क्षेत्र में महामारी फैलने की कही बात
- एक बच्ची की मौत के बाद भी नहीं जागा स्वास्थ्य विभाग

जिले के वनांचल क्षेत्रों में उल्टी दस्त और बुखार ने अपना पैर पसारना शुरु कर दिया है। महामारी से जिले में अब तक दो लोगों की जान चुकी है। कोरबा ब्लॉक अंतर्गत श्यांग थाना क्षेत्र के सुदूर वनांचल क्षेत्र लबेद से लगे पहाड़ी ग्राम डूमरडीह में निवासरत 12 वर्षीय मंगला बाई पहाड़ी कोरवा को उल्टी और दस्त की शिकायत होने लगी पिछले कुछ दिनों से मंगला की तबियत खराब चली आ रही थी। मंगला कक्षा तीसरी में पढ़ती थी। तबियत खराब होने पर उसे पहाड़ से नीचे उतारा गया और उपचार के लिए जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल कोरबा लाया जा रहा था, इसी दौरान रास्ते में मंगला ने दम तोड़ दिया। मृतिका मंगला के चाचा सुखुराम ने बताया कि पिछले 3 दिनों से मंगला की तबीयत खराब थी। वहीं दूसरी ओर एक दिन पहले ही श्यांग क्षेत्र के ही ग्राम गुरमा में निवासरत स्व. हीरा सिंह मंझवार की 15 वर्षीय पुत्री बालमित्र मंझवार को पिछले तीन दिनों से उसे सर्दी बुखार की शिकायत थी। परिजन उसे अस्पताल ले जाने की बजाए गांव में ही किसी बैगा के पास झाड़ फूंक करा रहे थे। बालमित्र की तबियत अत्यधिक बिगड़ने पर सोमवार की शाम उसके परिजन उसे गांव से उपचार करने के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां बीच रास्ते में ही बालमित्र की भी मौत हो गई थी।

पिछले दो दिनों में दो बच्चों की मौत से आसपास के गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। क्षेत्र के ग्रामीण किसी अनजाने महामारी के खौफ में जी रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्र में महामारी फैल गई है, जिसके चपेट में कई लोग आ गए हैं।



शव लेकर जाते परिजन।



अस्पताल परिसर में रोते बिलखते परिजन।

### कैंप में 30 मरीजों का हुआ परीक्षण

आस-पास कोई अस्पताल नहीं होने के कारण ग्रामीणों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस इलाके में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं होने के कारण लोगों को काफी लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इसकी सूचना मितानिन को भी दे दी गई है। मंगलवार को लबेद के समीप ग्राम डूमरडीह में 15 वर्षीय बालमित्र मंझवार नामक बच्ची के मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और आनन फानन में डूमरडीह के समीप बलिपुर में स्वास्थ्य कैंप लगाया गया। कैंप में कुल 30 मरीज जांच कराने पहुंचे थे जिनमें से 2 ग्रामीणों को मलेरिया व एक को उल्टी की शिकायत मिली है। सभी ग्रामीणों को परीक्षण उपरांत चिकित्सकीय सुविधा मुहैया कराया गया है।

### पड़ोसी जिले में 80 से ज्यादा ग्रामीण बीमार

प्रदेश में डायरिया का प्रकोप जारी है। पड़ोसी जिले जांजगीर-चांपा के ग्राम कोसीर में भी 80 से अधिक ग्रामीण डायरिया की चपेट में आ गए हैं। वहीं 17 साल के युवक ने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि नल जल योजना से घर में लगे नल की पानी पीने से बीमार हुए हैं। पामगढ़ सीएचसी अस्पताल में 35 से अधिक मरीजों का इलाज चल रहा है। बाकी ग्रामीण जिला अस्पताल जांजगीर और बिलासपुर के निजी अस्पताल में इलाज जारी है। गांव में 3 दिनों का स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया है।

### गांव और बस्ती में कई लोग उल्टी-दस्त से पीड़ित

बताया जा रहा है कि आसपास गांव और बस्ती में कई लोग उल्टी-दस्त से पीड़ित है। ग्रामीण देवना राम पहाड़ी कोरवा ने बताया कि मौसम में हो रहे बदलाव के कारण गांव के अलावा आसपास और गांव में महामारी फैली हुई है उल्टी-दस्त और पेट दर्द से लोग परेशान है।

### लगाया गया है कैंप

पहाड़ी कोरबा बच्ची को बुखार व पीलिया की शिकायत थी। अत्याधिक तबियत खराब होने पर उसे पहाड़ से नीचे लाया गया और अस्पताल पहुंचने के दौरान बच्ची की मौत हो गई। मंगलवार को ग्राम डूमरडीह में बच्ची के मौत के बाद बुधवार को बलिपुर में कैंप लगाया गया जहां 30 ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया है। ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार कैंप लगाया जाएगा।

**-डॉ एसएन केशरी,** सीएमएचओ

### अंगार में धकेलने वाले नाबालिगों पर जुर्म दर्ज

**कोरबा।** करतला थाना क्षेत्र के ग्राम नोनबिर्रा में ताजिया निर्माण के बाद अंगार (अलाव) जलाकर उसके आसपास कुछ लोग मौजूद थे। यहां गांव के ही कुछ किशोर भी मौजूद थे। अंगार देखने के लिए गांव के ही तीन भाई पहुंचे थे और अंगार के पास बैठे थे। इन्हीं में शामिल एक किशोर को वहां पहुंचे कुछ युवकों ने विवाद में धक्का देकर अंगार में गिरा दिया और भाग गए। पहले भी इनमें विवाद रहा है और उसी विवाद का बदला लिया गया। किशोर के अंगार में गिरते ही अफरा-तफरी मच गई और उसे तुरंत बाहर निकाला गया। किशोर का पीठ का कुछ हिस्सा झुलस गया है। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही रात में डायल 112 की टीम और करतला पुलिस मौके पर पहुंची थी। इस मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान ने बताया कि मामले में शामिल युवकों के विरुद्ध हत्या का प्रयास के अपराध में भारतीय न्याय संहिता की धारा 109, 190 191 के तहत करतला थाना में अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। झुलसे युवक का उपचार जारी है। घटना के बाद करतला पुलिस की टीम व आला अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। जहां घटना में शामिल विधि से संघर्षरत 8 अपचारी बालकों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। बताया जाता है कि जिस युवक को अंगारे में धकेला गया था उसके साथ कुछ वर्षों से विवाद चल रहा था, जिसके कारण इस घटना को अंजाम दिया है।

# संडे ओटी भुगतान पर इंटरनल ऑडिट कमेटी ने जताई आपत्ति, मांगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों में कामगारों को जरूरत पड़ने पर संडे ओटी दिया जाता है। अब इंटरनल ऑडिट कमेटी ने इसपर आपत्ति जताई है। इसके बारे में जानकारी मांगी है। इस बाबत कोल इंडिया के महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध एवं श्रम शक्ति गौतम बनर्जी ने कोल इंडिया के अनुषंगी कंपनियों को पत्र लिखा है।

उल्लेखनीय है कि कंपनी ने संडे ड्यूटी के लिए नियम बनाए हैं। इसमें कहा गया है कि सप्ताह में 4 दिन काम करने वाले कोयला कर्मियों को ही जरूरत पड़ने पर संडे ओटी दिया जाएगा। कई कंपनियों में इस नियम की अनदेखी की जा रही है। महाप्रबंधक ने पत्र में कहा है कि इंटरनल ऑडिट कमेटी ने अपनी 177वीं बैठक में संडे ओटी भुगतान के मुद्दे को संबोधित किया। यह बात सामने आई कि जिन कामगारों की उपस्थिति सप्ताह में 4 दिन से कम थी। उन्हें भी तैनात किया गया था। कमेटी ने संडे को कर्मचारियों की तैनाती पर कड़ी आपत्ति जताई। कमेटी ने 1 अप्रैल 2023 से 1 जुलाई 2024 की अवधि में संडे ओटी भुगतान की राशि जानना चाही है। महाप्रबंधक ने अनुषंगी कंपनियों को लिखे जारी पत्र में उल्लेख किया है कि इसकी जानकारी 19 जुलाई तक अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायी जा सकती है।

# कलेक्टर ने कन्या आश्रम देवपहरी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर ने विकासखण्ड के देवपहरी ग्राम में आदिम जाति विकास विभाग अंतर्गत संचालित प्राथमिक कन्या आश्रम का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने आश्रम परिसर में छात्राओं की शैक्षणिक गतिविधियॉ, परिसर की साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था, सुरक्षा सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली।

**खास बात**

- परिसर की साफ सफाई व भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने किया निर्देशित



आश्रम छात्रावास का निरीक्षण करते कलेक्टर।

कलेक्टर अजीत वसंत ने आश्रम परिसर के सभी कमरों, स्टोर रूम, रसोई घर व शौचालय की साफ-सफाई का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों से उनकी दिनचर्या और पढ़ाई के बारे में चर्चा की और भोजन सहित वहां मिलने वाली अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने आश्रम अधीक्षिका को निर्धारित मेनू अनुसार छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदान करने, बच्चों को शासन द्वारा दी जाने वाली सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं परिसर की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही भवन में यथा स्थानों में सीपेज की समस्या को शीघ्रता से मरम्मत कराने एवं अधूरे निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, निगमायुक्त कोरबा श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाईं उपस्थित थे।

## प्रदेश सरकार में श्रमिकों का भरोसा फिर लौटा, हर श्रमिक तक पहुंच रही योजना

# मुख्यमंत्री के प्रयास से गरीब मजदूरों को किफायती दर पर मिल रहा भोजन : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इस योजना को शुरु करने के लिए मुख्यमंत्री ने तत्काल सहमति दी और आज उनके प्रयास से गरीब मजदूरों को किफायती दर में प्रदेश के 10 जिलों के 22 स्थानों में दाल-भात केंद्र संचालित हो रहा है। जिले में तीन स्थानों पर दाल-भात केंद्र का संचालन होगा। जिसमें से बालकों के बाद बुधवारी में अब दूसरा केंद्र प्रारंभ हो गया है।

उक्त बातें श्रम, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री लखन लाल देवांगन ने बुधवारी बजार में दाल भात केंद्र का शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान कही। उल्लेखनीय है कि शहीद वीर नारायणसिंह श्रम अन्न योजना अंतर्गत निर्माण, संगठित एवं असंगठित वर्ग के श्रमिकों के लिए 5 रूपए में भरपेट भोजन की व्यवस्था हेतु दाल-भात केंद्र का शुभारंभ किया गया। यह जिले का दूसरा दाल भात केंद्र है। इस दौरान मंत्री श्री देवांगन ने अतिथियों के साथ श्रमिकों के बीच जाकर भोजन किया और श्रमिकों से अपील की कि वे इस दाल-भात केंद्र में आकर भोजन अवश्य करें। श्रम मंत्री श्री देवांगन ने इस अवसर पर विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि श्रम विभाग से जुड़े कुल तीन मंडल अंतर्गत 72 योजनाएं संचालित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी योजनाओं में हितग्राहियों को सामग्री प्रदान करने की बजाय सीधे उनके खाते में राशि देने की पहल की है। ⏭ शेष पेज 3 पर



उद्घाटन के दौरान भोजन करते उद्योग मंत्री व अन्य।

### 451 श्रमिक परिवारों को विभिन्न योजनाओं का मिला लाभ

उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि प्रदेश में महतारी वंदन योजना के माध्यम से सभी महिलाओं को साल के 12 हजार रूपए का लाभ मिलने, किसानों को 31 सौ रूपए समर्थन मूल्य तथा तेंदूपत्ता संग्राहकों को 55 सौ रूपए मानक बोरा सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है। श्रमिकों के बच्चों के लिए आईएएस, आईपीएस सहित महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग की सुविधा ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से देने पहल की गई है। जिले के श्रमिकों के बच्चों को भी इसका लाभ मिलेगा। जिले के 451 श्रमिक परिवारों को विभागीय योजनांतर्गत लगभग 1 करोड़ 17 लाख की राशि से लाभान्वित किया गया। मंत्री श्री देवांगन ने जिले के अन्य श्रमिकों को श्रम विभाग के अधिकारियों से योजनाओं के विषय में जानकारी प्राप्त कर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

### श्रम मंत्री ने हितग्राहियों को दिया सहायता राशि का चेक

कार्यक्रम में मंत्री श्री देवांगन द्वारा श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत अनेक हितग्राहियों को सहायता राशि का चेक प्रदान किया। जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार मृत्यु व दिव्यांग सहायता योजना के तहत कमला बाई दास एवं मनीराम यादव को 1-1 लाख का चेक प्रदान किया गया। इसी प्रकार मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत सुनीता व बुधवार दास को 1-1 लाख का सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। असंगठित कर्मकार महतारी जतन योजना के तहत विनिता केंवट व शिव कुमार आरमो को 20-20 हजार, मिनीमाता महतारी जतन योजना के तहत राखी कंवर, पार्वती चौहान को 20-20 हजार, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत कुमारी मनीषा व भगवती को 20-20 हजार का सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया।

17 korba-Bhoomi pg2_Layout 1 7/17/2024 11:45 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### तागा मिडिल स्कूल में नमामि गंगे अभियान

**जांजगीर-चांपा।** जीवनधारा नमामि गंगे अभियान के तहत मिडिल स्कूल तागा के शाला परिसर में फलदार छायादार पौधे रोपे गए। प्रधान पाठक व स्टाफ सहित स्कूल की छात्राओ ने श्रम दान करके फलदार पौधे रोपे। इस मौके पर जीवनधारा नमामि गंगे के राष्ट्रीय सचिव शिक्षक अनुभव तिवारी ने बताया की जीवन धारा नमामि गंगे के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हरिओम शर्मा के निर्देशानुसार व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. अलका यादव के निर्देशन में जीवन धारा नमामि गंगे फाउण्डेशन के द्वारा फलदार छायादार औषधिय पौधो का रोपण किया जा रहा है, जिसके पहले चरण में शासकीय मिडिल स्कूल तागा में पौधा रोपण किया गया। पौधा रोपित करने से पर्यावरण संतुलन बना रहता है। अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत ज़रूरी है। पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़-पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं। फल- -फूलों की प्राप्ति भी हमें पेड़-पौधों से ही होती है। मिडिल स्कूल तागा के संस्था प्रमुख एल पी पाण्डे ने बताया की जीवनधारा नमामि गंगे फाउण्डेशन के व्दारा पूरे भारत मे पर्यावरण की दिशा मे व्यापक कार्य किया जा रहा है जिसमे पौधा रोपण का कार्य तागा शाला प्रांगण मे किया गया। इस मौके पर शाला के शिक्षक नन्दलाल साहू, शांति साहू, शारदा थवाईत के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### 50 पाव शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** 50 पाव देशी शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला जैजैपुर थाना अंतर्गत बेलादुला ग्राम का है। 16 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली कि जैजैपुर नहर पुल के पास जैजैपुर में अवैध देशी प्लेन शराब रेड कार्यवाही की गई। जहां गोलू कुमार बर्मन पिता राजेंद्र कुमार बर्मन उम्र 24 साल ग्राम बेलादुला थाना जैजैपुर के द्वारा अपने मोटर साइकिल प्लेटिना क्रमांक सीजी 11 जेड 3549 में टंकी के सामने 2 सफेद रंग के प्लास्टिक के बोरी अंदर अवैध 50 पाव देशी प्लेन शराब जुमला 9 बल्क लीटर शराब कीमती 45 सौ रुपए को परिवहन करते गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी को 16 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### ग्रामीण ने बालक से मांगा पानी फिर लगा ली फांसी

**अम्बिकापुर।** ग्रामीण ने परिजन को खेत में काम करने भेज बालक से पहले पानी मांगा फिर कमरे में फांसी लगा लिया। परिजन आनन फानन में ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम लब्जी नवापारा निवासी घूरन राम आ. सोहन राम आज सुबह परिवार के लोगों को खेत में काम करने भेज घर में एक बालक साथ था। घूरन राम बालक से पानी मांगा और पीने के बाद अपने कमरे में चला गया। कुछ समय बाद बालक कमरे में गया तो देखा घूरन फांसी में लटका हुआ था। बालक ने परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन घूरन राम को फांसी से उतार तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।


### शराब पीने से रोका तो पी लिया कीटनाशक, मौत

**रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी युवक को उसकी पत्नी ने शराब का सेवन नहीं करने की समझाइश दी तो उसने कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिसके बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सुखदेव यादव पिता लाला यादव उम्र 30 वर्ष निवासी सराईपाली रेंगाली का विवाह कांदागढ़ पुसौर में हुआ। वह शादी के बाद कांदागढ़ में ही अपनी पत्नी के साथ रह कर लारा एनटीपीसी में काम करता था। पत्नी ने उसे शराब पीने से मना किया तो वह इस बात से नाराज होकर सराईपाली आ गया।

---

### टेंगनमाड़ा के हैं मृतक, झोलाझाप डॉक्टर से करा रहे थे इलाज

# कोटा में मलेरिया का प्रकोप 2 बच्चों की मौत, 7 बीमार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा क्षेत्र में मलेरिया का प्रकोप जारी है। दो दिन के अंदर ही मलेरिया के 7 मरीज सामने आए हैं। वहीं टेंगनमाड़ा में 2 बच्चों की मौत हो गई है। लगातार मलेरिया के मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। ऐसे में अब हेल्थ कैंप लगाकर डॉक्टर संदिग्ध गांवों में पहुंच वहां घरो-घर सर्वे और ब्लड सैंपल लेकर स्लाइड जांच करने में जुटे हुए हैं। कोटा विकासखंड के ग्राम टेंगनमाड़ा निवासी दो बच्चों की मलेरिया के चपेट में आने से मौत हो गई है। इसमे एक बच्चे की उम्र 13 साल और दूसरे की 15 साल है। मिली जानकारी अनुसार टेंगनमाड़ा निवासी इमरान अली पिता जब्बार अली 13 वर्ष और इरफ़ान अली 15 वर्ष की तबियत पिछले कुछ दिनों से खराब थी। दोनों में मलेरिया के लक्षण थे, परिजन गांव के हि झोला छाप डॉक्टर से इनका उपचार करा रहे थे। इलाज के दौरान बुधवार को दोनों भाइयों की मौत हो गई। इधर कोटा ब्लॉक के अन्य गावों में फैले मलेरिया का सर्वे कर रहे अफसर दो बच्चों की मौत के बाद सकते में आ गए। आनन फानन में बच्चों का शव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटा लाया गया, यहां परिजनों ने मलेरिया से मौत होने के साथ ही झोलाछाप डाक्टर पर गलत इलाज का आरोप लगाया। हंगामें के बाद बच्चों के शव का पोस्टमार्टम गुरुवार को कराने का निर्णय लिया गया है।

#### पीएम से स्पष्ट होगा

टेंगनवाड़ा निवासी दो बच्चों की मौत हुई है। बच्चे कुछ दिनों से बीमार थे। गांव के झोलाछाप डॉक्टर से परिजन इलाज कर रहे थे। मृतकों के परिजन मलेरिया से मौत की आशंका जता रहे हैं। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद मौत के कारण का पता लग पाएगा।

एनके गुप्ता
बीएमओ कोटा

### 33 हजार मेडिकेटेड मच्छरदानी बांटने के बाद भी 7 मरीज सिम्स में भर्ती

मंगलवार को कोटा के टाटीडीह से मलेरिया के 4 मरीज जब सिम्स में भर्ती हुए तो स्वास्थ्य विभाग को पता चला, इससे पहले ये मरीज कोटा क्षेत्र के झोलाछाप डॉक्टर से ही इलाज करा रहे थे। गंभीर होने पर ये सिम्स में भर्ती हुए। इसके बाद बुधवार को स्वास्थ्य विभाग ने कोटा क्षेत्र के मलेरिया प्रभावित क्षेत्र में हेल्थ कैंप लगाया। इस दौरान जांच में 3 मलेरिया पॉजिटीव मरीज और मिले। वर्तमान में कुरदर बेलगहना निवासी शिवम पिता अमर सिंह 8 वर्ष, तीजन पिता मनहरण 9 वर्ष, करहीकछार निवासी हितेश यादव पिता रामायण यादव 33 वर्ष,टाटीधार निवासी मालती बैगा पति इंद्र कुमार 32 वर्ष और छुइहा कुरदर निवासी मनीषा बैगा पति प्रेम कुमार 18 वर्ष और एक 5 माह के बच्चे को सिम्स में भर्ती कराया गया है। कोटा के जिन गांवों से मलेरिया के मरीज मिले हैं, वहां पिछले साल ही स्वास्थ्य विभाग ने 33 हजार मेडिकेटेड मच्छरदानी बांटने का दावा किया था।

#### झोलाछाप डॉक्टरों से करा रहे थे इलाज गंभीर होने पर सिम्स पहुंचे मरीज तो स्वास्थ्य विभाग को चला पता







#### झोलाछाप दो गुनी रकम लेकर करते हैं इलाज

वैसे तो झोलाछाप फोड़ा-फुंसी या सिर दर्द जैसी बीमारी का इलाज करने के लिए भी अधिकृत नहीं है। लेकिन गांव के ग्रामीणों को यह बड़ा डॉक्टर बताकर ठग रहे हैं और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। यह डॉक्टर मलेरिया, खांसी, सर्दी-जुकाम सहित कई बड़ी बीमारियों व दुर्घटना होने पर घायलों का इलाज भी करते हैं। भोली भाली जनता से पैसा वसूलने के लिए यह मरीज को भर्ती करके ड्रिप चढ़ाने, इंजेक्शन लगाने सहित घायलों को पट्टी करने और कई बार टांके लगाने तक के काम कर लेते हैं।

#### पीएचसी में लटकता रहता है ताला

ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बेहतर इलाज मिल सके इसके लिए चारों ब्लॉक में 5 सीएचसी और 44 पीएचसी की स्थापना की गई है। इसके अलावा छोटे-छोटे उप स्वास्थ्य केंद्र और आयुष्मान वेलनेस सेंटर भी खोले गए हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के ज्यादातर पीएचसी में ताला लटक रहा है।

#### प्रभावित क्षेत्र में करा रहे हैं जांच

जिन क्षेत्रों में मलेरिया के मरीज मिले हैं वहां हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। अब तक अलग-अलग गांवों से 7 मरीज मिल चुके हैं। गांवों में घरो-घर सर्वे कराया जा रहा है। एंटी लार्वा का भी छिड़काव हो रहा है। ब्लड सैंपल लेकर स्लाइड जांच करा रहे हैं।

- डॉ. प्रभात श्रीवास्तव सीएमएचओ

---

# जिले में नहीं थम रहा रेत का अवैध उत्खनन



रेत उत्खनन व परिवहन में लगा ट्रैक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन का सिलसिला कही थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले की जीवनदायिनी महानदी हसदेव सहित अन्य सहायक नदियों में सक्रिय माफिया मशीनों से हजारों घनमीटर रेत निकाल रहे है। दूसरी ओर रेत का अवैध परिवहन गांव ही नहीं शहरों व जिला मुख्यालय की सड़कों पर भी बेरोकटोक हो रहा है।

गौरतलब है कि जिले में चांपा, हथनेवरा, पीथमपुर, पथर्रा, केरा, बिर्रा, सिलादेही, करही, किकिरदा, कनस्दा, सिघुल, शिवरीनारायण, तनौद, पामगढ़, अकलतरा और बलौदा ब्लाक के दर्जनों गांव में रेत घाट पर इन दिनों सैकड़ों गाड़ियां लगी होती है। यहां चैन माउंटेन और बड़ी बड़ी जेसीबी मशीनों से नदियों का सीना छलनी करके हजारों घनमीटर रेत का उत्खनन किया जाता है। इसके बाद बड़े बड़े ठेकेदारों की गाड़ियां नदी में उतरती है और रेत लेकर जिले के अलावा पड़ोसी जिला बिलासपुर में भी सप्लाई करने निकल पड़ती है। पामगढ़ क्षेत्र के देवरी, तनौद, बोरसी, शिवरीनारायण में सक्रिय माफिया दिन रात मशीन चलाकर महानदी का सीना छलनी कर रहे है। यहां पर्यावरण विभाग के सारे नियमों को ताक पर रखकर प्रतिदिन सैकड़ों गाड़ियां रेत का परिवहन कराया जाता है। ना केवल रात में बल्कि दिन में भी नदी से रेत भरकर हाइवा और ट्रैक्टर बेखौफ दौड़ते है। इसी प्रकार बिर्रा, किकिरदा, चांपा, पीथमपुर, बलौदा के कुदरी, देवरी चिचोली, केराकछार, केवा भांदा आदि रेत घाट पर भी बड़ी बड़ी मशीनें उत्खनन कार्य में लगी होती है और ट्रैक्टर के अलावा हाइवा से परिवहन का काम 24 घंटों निर्बाध गति से होता है। रेत माफिया बरसात में मुंहमांगे दाम पर रेत बेचने के लिए जगह जगह पर भंडारण कर रहे है।

---

## सहायक प्राध्यापक को प्राचार्य ने किया एकतरफा कार्यमुक्त, भेजा वेतन पत्रक

**अम्बिकापुर।** स्थानांतरण उपरांत प्राचार्य द्वारा बार-बार एक तरफा कार्यमुक्त करने के बावजूद विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की धौंस देकर मनमानी पूर्वक उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर करने वाले सहायक प्राध्यापक को शासन के सख्त निर्देश पर पुराने कार्यस्थल को छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। उच्च शिक्षा विभाग के अवर सचिव के निर्देश पर प्राचार्य ने मनमानी करने वाले सहायक प्राध्यापक को एक तरफा कार्यमुक्त करने के साथ ही उसकी सेवा पुरित का एवं वेतन पत्रक को भी नवीन कार्यस्थल पर भेज दिया। फलस्वरूप उसे नए कार्यस्थल पर उपस्थिति देने मजबूर होना पड़ा।

- कार्यमुक्त होने के बावजूद उपस्थिति पंजी में कर रहा था हस्ताक्षर

मुख्यमंत्री के अनुमोदन पर उच्च शिक्षा विभाग के अवर सचिव आरके निर्मलकर ने 15 मार्च को प्रदेश के 25 सहायक प्राध्यापकों का स्थानांतरण आदेश जारी किया था। आदेश में राजमोहिनी देवी कन्या महाविद्यालय में पदस्थ राजनीति विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ.अरिवलेश द्ववेदी का स्थानांतरण पं.रेवती रमण मिश्र शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर में किया गया था। आदेश के परिपालन में प्राचार्य डॉ.खालिद हुसैन ने पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए 23 अप्रैल को कार्यमुक्त कर दिया। बताया जा रहा है विभाग के एक अधिकारी के मौखिक निर्देश पर प्राचार्य ने 24 अप्रैल को अपना आदेश निरस्त कर दिया। इधर सहायक प्राध्यापक मनमानी करने लगा तथा वरिष्ठ अधिकारियों की धौंस देकर कॉलेज के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करने लगा। उच्च शिक्षा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के स्थानांतरित सहायक को कार्यमुक्त नहीं करने के मौखिक निर्देश के कारण प्राचार्य पेशोपेश में पड़े रहे।

### कब्जे को लेकर चचेरे भाइयों में मारपीट, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** ग्राम खोपा में जमीन विवाद पर दो चचेरे भाईयों में जमकर मारपीट हुई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर काउंटर अपराध दर्ज किया है।करंजी पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत खोपा निवासी प्रार्थी किशुन राम राजवाड़े पिता सुखलाल राजवाड़े 16 जुलाई की दोपहर में गांव के ही सरनाडांड स्थित अपने कब्जे की शासकीय भूमि खसरा नंबर 3061 पर ट्रैक्टर से जुताई करा रहा था। तभी उसके चचेरे भाई देव कुमार व उसकी पत्नी राम बाई मौके पर पहुंचकर खेत की जुताई पर आपत्ति दर्ज कर हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दिया गया है। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी देवकुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी किशुन राम राजवाड़े, सुखलाल राजवाड़े, संजय राजवाड़े व शिवकुमार ने जमीन विवाद पर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की गई है। दोनों पक्ष की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 296, 351(2), 115 (2), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## कुनिया में 35 एकड़ शासकीय भूमि कब्जा मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बुधवार को मैनपाट में प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। एसडीएम के नेतृत्व में टीम ने ग्राम कुनिया में राजस्व वन भूमि पर किए गए एक दर्जन अतिक्रमण को हटाने के साथ ही 35 एकड़ भूमि को कब्जा मुक्त कराया है। ग्रामीणों द्वारा विगत 7-8 वर्षों से शासकीय जमीन पर कब्जा किया था। कब्जे को लेकर नोटिस जारी करने के बाद सुनवाई उपरान्त यह कार्रवाई की गई।

- 7-8 वर्षों से अवैध मकान व मचान बनाकर किया गया था अतिक्रमण, चला बुलडोजर



अतिक्रमण हटाते जेसीबी।

आज जेसीबी के माध्यम से सभी अतिक्रमण को हटा दिया गया। बताया जा रहा है कि मैनपाट विकासखंड के ग्राम कुनिया में शासकीय नर्सरी की भूमि पर बड़ी संख्या में लोगों द्वारा कब्जा किया गया था। अतिक्रमाकारियों द्वारा कुनिया में लगभग 35 एकड़ राजस्व वन भूमि का घेरावा कर लकड़ी का मचान मनाया गया था। इसके साथ ही एक व्यवक्ति द्वारा घेरावा करने के बाद मकान का निर्माण किया गया। हालांकि ये सभी अतिक्रमण 7 से 8 वर्ष पूर्व किए गए थे। अतिक्रमणकारियों द्वारा भविष्य में वन अधिकार पत्र हासिल करने की योजना बनाकर इस भूमि पर संभवतः कब्जा किया गया था। अवैध रूप से किए गए निर्माण व कब्जा को लेकर प्रशासन द्वारा मामले में कार्रवाई की जा रही थी। एसडीएम द्वारा कब्जाधारियों संजय कुमार यादव व संतोष यादव आ. गंगा यादव, हीरालाल यादव आ. जगरोपन, भोला यादव आ. झब्बू, होमी यादव आ. सूरजु यादव, दरबास आ. लक्ष्मण, बृजमोहन आ. रामदुलार, टानेश्वर आ. सूरजु यादव, लालमनि आ. मायाराम, देवेंद्र कुमार आ. शिव प्रसव व रघुवर यादव आ. मायाराम यादव को नोटिस जारी किया गया था। नोटिस जारी करने के बाद अवैध कब्जे के प्रकरण की सुनवाई की गई और उसके बाद बुधवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। एसडीएम रवि राही के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंची और शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को ढहा दिया गया। इस दौरान पत्थर एकत्रित कर किए गए घेराव को हटाने के बाद बनाए गए मचान व अन्य निर्माण कार्यों को तोड़ा गया। इस दौरान टीम ने अवैध रूप से बनाए गए एक मकान को भी गिरा दिया है। इस कार्रवाई के जरिए टीम ने लगभग 35 एकड़ से अधिक भूमि को कब्जा मुक्त कराया है।

#### की गई है कार्रवाई

राजस्व वन भूमि पर 7-8 वर्षों से कब्जा किया हुआ था। नोटिस की कार्रवाई के बाद सभी अतिक्रमण को हटाया गया है। कब्जाधारी अवैध रूप से मकान बनाने के बाद पट्टा बनवाने की फिराक में थे। अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

-रवि राही
एसडीएम

---

## जमीन संबंधी विवाद को लेकर मारपीट, 5 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार



जमीन संबंधी विवाद को लेकर बिछिया गांव में घर घुसकर मारपीट करने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बाराद्वार थाना क्षेत्र के ग्राम बिछिया निवासी महेशराम पटेल के साथ गांव के ही हरिशंकर यादव का जमीन संबंधी पुराना विवाद था। इसी विवाद पर हरिशंकर यादव ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर महेशराम पटेल के घर घुसकर पिटाई कर दी थी। मारपीट से महेशराम को गंभीर चोटें आई। मामले में पुलिस ने महेशराम पटेल की रिपोर्ट पर धारा 115 (2), 351 (3),333,191 (2),191 (3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की। पुलिस ने आरोपी हरिशंकर यादव पिता राधेश्याम यादव उम्र 55 साल, अमित कुमार यादव पिता हरिशंकर यादव उम्र 20 साल, राजकुमार यादव पिता हरिशंकर यादव उम्र 24 साल, बालकुंवर यादव पति हरिशंकर यादव उम्र 45 साल एवं हीरा बाई यादव पति अमित कुमार यादव उम्र 29 साल को गिरफ्तार कर लिया।

## बाइक की आपस में भिड़त, दो गंभीर रूप से घायल

**जांजगीर-चांपा।** बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के चोरहादेवरी में बुधवार को 2 बाइक की आपस में भिड़न्त हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर 108 की टीम घटना स्थल पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार करते हुए हॉस्पिटल में एडमिट कराया।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम लंकाहुण्डा निवाड़ी सुखलाल केंवट उम्र 50 वर्ष शादी में शामिल होने ग्राम चोरहादेवरी आ रहा था। इसी दौरान गांव के ही मंतोष केंवट उम्र 25 वर्ष की बाइक के साथ उनकी आमने-सामने से टक्कर हो गई। हादसे में दोनों घायल हो गए। सूचना मिलने पर 108 के पायलट प्यारे लाल देवांगन और ईएमटी अर्जुन सिंह राठौर तुरन्त घटना स्थल पर पहुँचें और दोनों घायलों का उपचार करते हुए सीएचसी बम्हनीडीह आकर भर्ती कराया।

---

### सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए दी गई जानकारी

## जागरूकता रैली में ड्राइवरों को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा







जागरूकता रैली में शामिल ड्राइवर संघ के पदाधिकारी।

जागरूकता रैली कार्यक्रम के दौरान ड्राईवरो को थाना प्रभारी जांजगीर ने यातायात नियमों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए उचित बचाव के लिए जानकारी दी गई। साथ ही बिना सील बेल्ट व बिना हेलमेट के वाहन नहीं चलाने की समझाईश दी गई।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंघ जांजगीर चाम्पा द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन बुधवार 17 जुलाई को जांजगीर मुख्यालय में रखा गया था। रैली कार्यक्रम के दौरान निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी जांजगीर द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए, उचित बचाव के लिए उपस्थित ड्रायवरों को यातायात नियमों का पालन करने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही शराब पीकर वाहन नही चलाना, बिना हेलमेट पहनकर वाहन नही चलाना, वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, नो पार्किंग में वाहन खड़ी नहीं करना, मोटर सायकल में तीन सवारी नही चलना, वाहन में रिफ्लेक्टर ग्लास लगाना, वाहन का हेड लाईट आधा काला नही होना, बिना सीट बेल्ट के वाहन नही चलाना, बिना हेलमेट वाहन नही चलाने की जानकारी दी गई। साथ ही बिना सील बेल्ट व बिना हेलमेट के वाहन नहीं चलाने की समझाईश दी गई। जागरूकता रैली को शांति पूर्ण कराए जाने में थाना जांजगीर स्टाफ का योगदान रहा।

## दर्जनभर गांवों में अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद

रसौटा समेत दर्जनभर गांव के उपभोक्त उमस भरी गर्मी में हो रही अघोषित बिजली कटौती से खासे परेशान है। मंडल के कर्मचारियों द्वारा क्षेत्र के गांवों में कभी भी किसी भी समय बिजली की कटौती घंटों की जा रही है।

आलम यह है कि हल्की बारिश या आंधी तुफान होने पर 24 घंटे क्षेत्र में बिजली गुल रहता है। बिजली नहीं होने से ग्रामीण रतजगा करने मजबूर है। 20 घंटे बाद भी रसौटा समेत आसपास के गांवों में बिजली बहाल नहीं हो सकी है। बारिश का मौसम होने से ग्रामीणों को जहरीले जीव जंतुओं का काटने का भय सता रहा है। गौरतलब है कि विद्युत मंडल पामगढ़ अंतर्गत विद्युत वितरण केंद्र रसौटा से करीब दर्जन भर गांवों में बिजली सप्लाई होती है। वर्तमान में पड़ रही उमस भरी गर्मी में दर्जन भर गांवों में बिजली कटौती से विद्युत उपभोक्ता खासे परेशान है। विद्युत मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारियों को विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। विद्युत मंडल के कर्मचारी अपने हिसाब से जब चाहे रात हो या दिन बिजली कटौती कर रहे हैं। इसके चलते विद्युत उपभोक्ता रतजगा करने मजबूर हैं। विद्युत उपभोक्ता सब स्टेशन रसौटा के बिजली कर्मचारियों के मनमाने रवैये से परेशान हो चुके चुके हैं। शिकायत पर तुरन्त अमल हो ऐसा नहीं होता है। बिजली व्यवस्था के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के हिसाब से सेवा दिया जा रहा है परंतु ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी क्षेत्रों अपेक्षा बिजली बंद व चालू होते रहना आम बात है।

## खबर संक्षेप

### पीजी कॉलेज में प्रवेश हेतु 72 फीसदी सीटें खाली

**कोरबा।** हर साल पीजी कॉलेज के स्नातक की विभिन्न संकायों में प्रवेश को लेकर मारामारी रहती है। लेकिन यह स्थिति देखने को नहीं मिल रही है। इस महाविद्यालयों में बीए, बीएससी गणित, जीवविज्ञान, बी.कॉम, बीसीए व डीसीए के कुल 880 निर्धारित हैं। इन सीटों में से प्रथम चरण की दो सूची के बाद भी 241 ने ही प्रवेश महाविद्यालय में शुल्क जमा किया है। जबकि 639 विद्यार्थियों ने प्रवेश नहीं लिया है।महाविद्यालयों में प्रवेश लेकर डिग्री हासिल करने और उच्च शिक्षा में भविष्य बनाने को लेकर विद्यार्थियों में रुचि काफी कम दिखाई दे रही है। विद्यार्थियों ने प्रवेश के लिए आवेदन तो कर दिया है, लेकिन दाखिला लेने के लिए सीमित संख्या में ही विद्यार्थी पहुंच रहे हैं। महाविद्यालयों की दो प्रावीण्य सूची जारी हो चुकी है। लेकिन कॉलेजों में अभी भी 6 हजार से अधिक सीटें खाली हैं। सबसे ज्यादा सीटें जीव विज्ञान और कला संकाय में रिक्त पड़ी हुई है। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय संबद्ध जिले में लगभग 25 से अधिक शासकीय व निजी महाविद्यालय संचालित हैं। इन महाविद्यालयों में स्नातक के बीए, बीएससी गणित, जीवविज्ञान, बी.कॉम, बीसीए व डीसीए सहित अन्य डिग्री व डिप्लोमा संकायों में प्रवेश की प्रक्रिया जारी है।

### अंडर 19 इलीट ग्रुप में जितेंद्र का वीनू मांकड़ ट्राफी कैंप में चयन

**कोरबा।** गेवरा डीएवी स्कूल के स्टूडेंट जितेन्द्र साहू का सिलेक्शन अंडर 19 वीनू मांकड़



ट्राफी के लिए हुआ है 7 जितेन्द्र डीएवी के छात्र है और गेवरा खेल मैदान में गेवरा स्पोर्टिंग क्लब से प्रेक्टिस करते है। अंडर-19 टूर्नामेंट में शानदार विकेट कीपिंग एवं बल्लेबाजी के बदोलत जितेन्द्र का सिलेक्शन वीनू मांकड़ ट्राफी केम्प के लिए हुआ है। जहां उनके कोच एवं साथी खिलाडियों उनके अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है 7 जितेन्द्र के पिता गिरवर साहू एसईसीएल दीपका परियोजना में पदस्थ है। उनके चयन को लेकर परिवार और प्रगतिनगर दीपका में ख़ुशी का माहौल है। कोरबा डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एशोसियेसन के सह सचिव जीत सिंह, बी बी साहू, गुरमीत सिंह, तनवीर अहमद, एस डी तिवारी, प्रशांत शर्मा, रामकुमार लंझारे, परमेश्वर साहू, रमेश गुरुद्वान, आशीष सिंह, महेश साहू, दुर्गेश साहू, हरभजन सिंह, बिन्नी सिंह समेत अनेक खिलाडियों ने जितेंद्र साहू का उत्साह बढ़ाया है।

### जंगल से भटककर रिहायशी इलाके में पहुंचे लंगूर

**कोरबा।** निहारिका क्षेत्र के महाराणा प्रताप नगर क्षेत्र में स्थित अटल आवास के समीप खेल रहे बच्चों में उस समय अपरा तफरी मच गई जब उन्होंने पास के घरों के छत में कई लंगूरों को एक साथ देखा। खाना और पानी की तलाश में कई बार जंगलों से भटक कर यह जानवर शहरों में पहुंच जाते हैं। ऐसा ही कुछ बुधवार सुबह देखने को मिला जब महाराणा प्रताप नगर के घरों के ऊपर लंगूर उछल कूद मचा रहे थे।उछल कूद मचाते हुए लंगूर एक घर से दूसरे घर पर आना-जाना कर रहे थे जिसे बच्चे उत्सुकता से देख रहे थे। शहर के आसपास जंगल होने से कई मर्तबा लंगूर कॉलोनी में पहुंच कर इस तरह नजर आ जाते हैं,और बिना किसी को परेशान किया वापस जंगलों की ओर चले जाते हैं।

## निधन

### श्याम सुन्दर वैष्णव



**कोरबा।** श्री सिद्धेश्वर दक्षिणमुखी हनुमान मन्दिर के पुजारी श्याम सुन्दर वैष्णव का निधन 12 जुलाई को हो गया है। उनका अन्तिम संस्कार बालको सेक्टर 6 के मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ हनुमान मंदिर कमेटी के सदस्य एवं नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। स्व.वैष्णव बीते लंबे समय से नगर के स्टेट बैंक के पास स्थापित हनुमान मंदिर में पुजारी का काम करते आ रहे थे। उनके निधन से नगर में शोक व्याप्त हो गया था।

### मंदिरों में तैयारियां शुरू, सोमवार से शुरू होगा सावन

# शिवभक्ति के सावन महीने में शिव मंदिरों में होंगे अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

फोटो_17केआरबी1, 2

कोरबा। शिव भक्ति के महीने सावन में शुरू होने वाले त्यौहारों को लेकर मंदिरों में शिव भक्ती की तैयारी शुरू हो गई है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में स्थापित शिवलिंग की पूजा विधि विधान से पहले ही दिन से शुरू हो जाएगी। कावड़ियों का दल भी जलाभिषेक के लिए तैयारियों में जुट गया है। मंदिर प्रबंधन भी श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं के लिए अपने स्तर पर तैयारियां किया है।

शहर के सबसे पुराने हसदेव नदी स्थित राजघराने के समय से पुराने शिव मंदिर से लेकर पाली के प्राचीन ऐतिहासिक शिव मंदिर में शिव भक्ति का नजारा दिखाई पड़ेगा। घंटी और शंखों की गूंज के साथ सावन के महीने में शिव भक्ति की शोभा बढ़ाने के लिए शिवालय तैयार हो गए हैं। शिव भक्ति को लेकर प्राचीन शिव मंदिरों से लेकर नये शिव मंदिरों में भी सावन के महीने में शिव भक्ति के लिए विभिन्न तरह के धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। कुछ पुराने ऐतिहासिक प्राचीन मंदिरों का रंग रोगन किया जा रहा है। जहां शक्ति की स्थापना है शिव भी वहां विराजमान हैं ऐसे स्थल जिले के पहाड़ों में मौजूद है। जहां शिवलिंग का जलाभिषेक करने शिव भक्त जल चढ़ाने पहुंचते हैं। लंबे समय बाद सोमवार से शुरू होने वाला सावन की समाप्ति भी सोमवार को ही होगी। इस दृष्टि से यह ज्योतिषाचार्यों की नजर में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनकी मानें तो सावन के दिन शिव की पूजा उत्तम रहती है, किंतु यह दुर्लभ संयोग जिसमें सभी नक्षत्र एक साथ रहते हैं, यह सालों बाद आया है। जिसमें सभी दिन शिव भक्ति के लिए सर्वोत्तम मानें गए हैं। श्रावण मास यानि सावन महीना भगवान शिव का प्रिय माह बताया गया है। यूं तो सावन के हर सोमवार पर शिवजी की विशेष पूजा-अनुष्ठान का विधान है। हिंदू पंचांग के अनुसार 22 जुलाई सोमवार से सावन माह शुरू होकर 19 अगस्त सोमवार को समाप्त हो रहा है।



पाली स्थित शिव मंदिर।



कनकी का कनकेश्वर महादेव जहां चल रही तैयारी।

### दोपहर 12 से 1 बजे तक अभिजीत मुहूर्त

शिव आराधना की शुरूआत अल सुबह से शुरू हो जाती है, किंतु दोपहर 12 से 1 बजे तक का समय अभिजीत मुहूर्त का रहता है। लिहाजा इस मुहूर्त में पूजा सर्वोत्तम मानी गई है। आम तौर पर जलाभिषेक का समय भी अधिकांश शिव भक्त इसी मुहूर्त में करते हैं। हालांकि सभी ग्रह नक्षत्र एक साथ होने की वजह से इस बार सावन के महीने में दिन के किसी भी समय जलाभिषेक उत्तम माना गया है।

### सावन माह के व्रत और त्योहार

| | |
|---|---|
| 22 जुलाई सोमवार | पहला सावन सोमवार व्रत |
| 23 जुलाई मंगलवार | पहला मंगला गौरी व्रत |
| 24 जुलाई बुधवार | गजानन संकष्टी चतुर्थी व्रत |
| 27 जुलाई शनिवार | कालाष्टमी, मासिक कृष्ण जन्माष्टमी |
| 29 जुलाई सोमवार | दूसरा सावन सोमवार व्रत |
| 30 जुलाई मंगलवार | दूसरा मंगला गौरी व्रत |
| 31 जुलाई बुधवार | कामिका एकादशी |
| 5 अगस्त सोमवार | तीसरा सावन सोमवार व्रत |
| 6 अगस्त मंगलवार | तीसरा मंगला गौरी व्रत, मासिक दुर्गाष्टमी |
| 8 अगस्त गुरुवार | विनायक चतुर्थी |
| 9 अगस्त शुक्रवार | नाग पंचमी |
| 12 अगस्त सोमवार | चौथा सावन सोमवार व्रत |
| 13 अगस्त मंगलवार | चौथा मंगला गौरी व्रत, मासिक दुर्गाष्टमी |
| 16 अगस्त शुक्रवार | पुत्रदा एकादशी |
| 19 अगस्त सोमवार | रक्षा बंधन, पांचवां सावन सोमवार व्रत |

### यहां स्थापित है प्राचीन शिवलिंग

पाली के 11वीं शताब्दी के पुराने नौकोन्हिया तालाब स्थित शिव मंदिर की अपनी अलग महीमा है। पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम कुटेश्वर नगोई के पहाड़ में भी प्राचीन शिवलिंग स्थापित है, जिसे कुटेश्वर महादेव के नाम से जाना जाता है। कुछ ग्रामीण इसे जटाशंकरी के नाम से भी जानते हैं। सावन में भी यहां जलाभिषेक करने के लिए आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के कावड़िए जल लेकर पहाड़ में चढ़ते हैं। इसी तरह तुमान का शताब्दी पुराना शिव मंदिर ही पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध है। जहां सावन महीने भर विभिन्न अनुष्ठान ग्रामीणों के द्वारा किए जाते हैं।

### रात के समय चंद्रमा रहता है साक्षीः द्विवेदी



पंडित रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी कहते हैं कि सावन का महीना शिव भक्ति के लिए सभी महीनों में सर्वश्रेष्ठ है और दिन के पहले पहर से ही जलाभिषेक का दौर शुरू हो जाता है, लेकिन शिव अपने सिर में चंद्रमा को भी धारण किए हुए हैं और चंद्रमा रात्रि का प्रतीक है। ऐसे में अगर रात के समय जलाभिषेक एवं शिव अनुष्ठान किए जाते हैं। चंद्रमा के साक्षी होने के कारण इसका अलग और विशेष महत्व है।

### राशि के अनुसार अभिषेकः दशरथ



पं.दशरथ नंदन द्विवेदी ने सावन में शिव भक्ति को लेकर बताया कि लंबे अंतराल के बाद यह संयोग आया है कि सोमवार को यह पूर्व शुरू हो रहा है। अक्सर ऐसा नहीं होता समाप्ति भले सोमवार को हो समती है यह सहयोग दुर्लभ संयोग ही कहा जाएगा। इसके अलावा अलग अलग राशि के लिए अलग अलग द्रव्य भी निर्धारित है जिनसे लोग अपने राशि के अनुसार ज्योतिषाचार्य को अपनी कुंडली दिखाकर अभिषेक करा सकते हैं।

# जूनियर गर्ल्स फुटबॉल चैम्पियनशिप और कोचिंग कैंप का शुभारंभ



प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनटीपीसी ने अंतर-जिला जूनियर गर्ल्स फुटबॉल चैम्पियनशिप और कोचिंग कैंप का शुभारंभ किया। जिससे प्रदेश में बुनियादी स्तर पर फुटबॉल की प्रतिभा को बढ़ावा मिलेगा। इस वृत्तांत का आयोजन महत्वपूर्ण समारोह में किया गया, जिसमें जिला फुटबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष और मैच कमिशनर जैसे महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने भाग लिया।

परियोजना प्रमुख एनटीपीसी राजीव खन्ना के नेतृत्व में इस घटना में एनटीपीसी के महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन) एसपी सिंह, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन शशि शेखर, खेल परिषद के अध्यक्ष केपी चंद्रावंशी सहित महत्वपूर्ण सीएसआर सदस्य मौजूद थे, जो एनटीपीसी की क्षेत्र में खेल विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। चार दिनों के इस टूर्नामेंट में, रायपुर, बीजापुर, दुर्ग, और बस्तर जिलों की टीमें प्रतियोगिता करेंगी। विजेता टीम को 30 खिलाड़ियों के लिए विशिष्ट रूप से तैयार किए गए 21 दिनों के कोचिंग कैंप से सम्मानित किया जाएगा, जो उनके कौशलों को और अधिक सुधारेगा और उन्हें उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा। इस पहल के महत्व को उजागर करते हुए, घोषित किया गया कि कोचिंग कैंप से 15 उत्कृष्ट खिलाड़ी छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय स्तर पर करने के लिए चयनित किए जाएंगे।

# परिसीमन के बाद निगम के अधिकतर वार्डों का बदला नंबर, अब लोगों में पता बदलने की मचेगी होड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम के वार्ड परिसीमन के बाद प्रकाशित की गई वार्डों के सीमा निर्धारण और नए वार्ड के लिए शहरवासियों से 22 जुलाई तक दावा आपत्ति की तिथि निर्धारित की गई है। शहर के अधिकतर वार्डों के निवासियों का वार्ड क्रमांक ही बदल गया है। जिससे अब उन्हें आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड सहित अन्य सभी दस्तावेजों में पता सुधार करवाना पड़ेगा।

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर वार्डों का परिसीमन कार्य पूरा कर लिया गया है। दावा आपत्ति के बाद वार्डों के नए परिसीमन का प्रस्ताव शासन के पास भेजा जाएगा। जहां से स्वीकृति मिलने के बाद वार्डों का परिसीमन कार्य पूरा हो जाएगा। नए परिसीमन में नगर निगम के 67 वार्डों में से 1 वार्ड को छोड़कर शेष सभी वार्डों के वार्ड क्रमांक बदल गए हैं। वार्ड परिसीमन के बाद नागरिकों ने अपने वार्डों के बारे में रुचि लेना शुरु कर दिया है। अभी शहर के नागरिकों को अपने वार्ड के विषय में अधिक जानकारी नहीं है। इसके अलावा शहर के अधिकांश वार्डों के निवासियों का वार्ड क्रमांक ही बदल गया है। जिससे उन्हें आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र सहित अन्य सभी जरुरी दस्तावेजों में उल्लेखित पता का सुधार करवाना पड़ेगा। जिससे लोगों की जेब भी ढीली होगी। चूंकि यह पता परिसीमन के बाद बदल रहा है। ऐसे में शहर के नागरिकों ने मांग की है कि सभी दस्तावेजों में शासन की ओर से ही मुफ्त में पता बदलवाया जाए। उल्लेखनीय है कि नगर निगम में पूर्व में 67 वार्ड थे जिसके बाद नगर पालिका बांकीमोंगरा गठन के बाद निगम के 8 वार्ड बांकीमोंगरा नगर पालिका में समाहित कर दिए गए हैं। इस तरह नगर निगम में 67 वार्डों की संख्या घटकर 59 हो गई। अब नगरीय निकाय चुनाव को लेकर वार्डों का दोबारा परिसीमन किया गया। जिसमें परिसीमन के दौरान 59 वार्डों को बढ़ाकर दोबारा 67 वार्ड कर दिया गया है। ऐसे में वार्ड क्रमांक 1 को छोड़कर शेष सभी 66 वार्डों का वार्ड क्रमांक बदल गया है जो वार्डों में निवासरत लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। अधिकांश वार्डों में निवासरत लोग इस बात को लेकर चिंतित हैं कि अब उन्हें अपने आईडी प्रूफ और एड्रेस प्रुफ संबंधित दस्तावेजों में उल्लेखित वार्ड क्रमांक को बदलना होगा। जिसके लिए उन्हें एक बार फिर नए वार्ड पार्षद से लेकर च्वाईस सेंटर व निगम कार्यालय का चक्कर लगाना होगा।

### खास बातें

- निकाय चुनाव को लेकर किया गया वार्डों का परिसीमन, 59 से बढ़कर हुए 67 वार्ड
- वार्ड क्रमांक में बदलाव के बाद दस्तावेजों में कराना होगा परिवर्तन

### कर रहे दावा आपत्ति की तैयारी

वार्ड क्रमांक में बदलाव होने से वार्ड में निवासरत आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जिन लोगों के दस्तावेजों में वार्ड क्रमांक उल्लेखित है उन्हें दस्तावेजों में सुधार करवाना होगा। परिसीमन के बाद कुछ क्षेत्र ऐसे हैं, जहां निवासरत लोग वोट किसी वार्ड में डालेंगे और निवास किसी और वार्ड में रहेगा। इसे लेकर दावा आपत्ति की तैयारी की जा रही है। पूर्व की भांति ही वार्डों को रखा जाना चाहिए। इसके अलावा वर्ष 2011 के बाद जनगणना नहीं हुई है, शासन को जनगणना करानी चाहिए। **- प्रदीप राय, वार्ड पार्षद**

### दस्तावेजा में करवाना पड़ेगा सुधार

उल्लेखनीय है कि निगम के अधिकतर वार्डों में औद्योगिक संयंत्रों व निगम द्वारा निर्मित कॉलोनी समाहित हैं। ऐसे में जिन वार्डों में कॉलोनियां हैं और वहां निवासरत लोगों के एड्रेस में मकान की श्रेणी या नंबर उल्लेखित है उन्हें अपने दस्तावेजों में बदलाव करने की जरुरत नहीं पड़ेगी। हालांकि ऐसे वार्ड जहां बस्ती व मोहल्ले हैं ऐसे वार्डों में निवासरत लोगों के दस्तावेजों में वार्ड क्रमांक का उल्लेख है, ऐसे लोगों को परिसीमन के बाद वार्ड क्रमांक बदलने पर अपना आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र सहित अन्य सभी जरुरी दस्तावेजों में उल्लेखित पता का सुधार करवाना पड़ेगा।

### होगी परेशानी

शिवाजी नगर पहले वार्ड क्रमांक 22 था जो परिसीमन के बाद वार्ड क्रमांक 25 हो गया है। हालांकि वार्ड में निवासरत लोगों के दस्तावेजों में मकान की श्रेणी सहित मकान नंबर दर्ज है उन्हें दस्तावेजों में बदलाव की जरुरत नहीं पड़ेगी पर बस्ती व मोहल्लों में निवासरत लोगों को वार्ड क्रमांक में बदलाव के बाद दोबारा दस्तावेजों में पता का सुधार करवाना होगा। **- अनुज जायसवाल, पार्षद**

# आबंटित जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर के द्वारा कुम्हार परिवार को आबंटित की गई 5 एकड़ शासकीय भूमि पर वनकर्मी सहित दो व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा करने की शिकायत जिलाधीश से की गई है। ग्राम पंचायत नोनबिर्रा करतला के पीड़ित ग्रामीणों ने बताया कि आबंटित 5 एकड़ शासकीय भूमि का आज तक नक्शा-खसरा उन्हें नहीं मिला है। भूमि का नक्शा-खसरा नहीं होने से गांव के ही दो व्यक्तियों द्वारा बल पूर्वक लाठी-डंडा-फरसा से लैस होकर डराया-धमकाया जा रहा है और उस भूमि पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। कुम्हार परिवार के लगभग 30 घर परिवार हैं जिनके द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर लगभग 500 पौधों का रोपण, एक पौधा मां के नाम अभियान अंतर्गत किया गया था किन्तु उस भूमि पर चतुर सिंह पिता महेत्तर सिंह राठिया, भाई रघु सिंह पिता महेत्तर सिंह (शासकीय कर्मचारी वन विभाग) के द्वारा रात लगभग 9 बजे ट्रैक्टर से पूरे पौधों के ऊपर जोताई कर दिया गया। उस भूमि पर अवैध कब्जा करने की नीयत से यह कृत्य करना बताते हुए कहा कि चतुर सिंह राठिया मोहल्ले में टगिया, फरसी लहरा रहा है, और जमीन छोडन्ने की धमकी दे रहा है। पीड़ति हंसराम कुम्हार, राजा राम कुम्हार, सरोज व सीताराम कुम्हार सहित नोनबिर्रा के समस्त कुम्हारों ने जिलाधीश से मांग की है कि भूमि को माटी कला कुंभकार (प्रजापति) एकता मंच के नाम किया जाए तथा उस भूमि का नक्शा-खसरा प्रदान करें।


## पृष्ठ 1 का शेष

### आश्रम छात्रावास...

जाता है। इसके अलावा इनके उपचार के लिए प्रति वर्ष प्रत्येक आश्रम व छात्रावास तथा आवासीय विद्यालय को मेडिकल किट प्रदान की जाती है। उक्त किट में लगभग 5 हजार की दवाईयां उपलब्ध रहती हैं, जो अक्सर सर्दी, जुकाम, वायरल फीवर के दौरान छात्रों को चिकित्सकों की सलाह पर दिया जाता है। बीते वर्ष यह मेडिकल किट शिक्षण सत्र शुरू होने से पहले ही आश्रम छात्रावास के अधीक्षकों को प्रदान कर दी गई थी, किंतु इस वर्ष अब तक यह मेडिकल किट आश्रम छात्रावास व आवासीय विद्यालय के अधीक्षकों तक नहीं पहुंची है। उनकी मानें तो अगर किसी बच्चे को संक्रामक बीमारी होती है तो उसके लिए दवा स्वयं के खर्च से लाना पड़ता है।

### मुख्यमंत्री के ...

इससे हितग्राही को सीधा लाभ पहुंचता है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए कार्य किया जा रहा है। श्रम मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि श्रम विभाग की योजना श्रमिकों के लिए है। छत्तीसगढ़ का कोई भी श्रमिक योजनाओं से वंचित न रहे, उन्हें लाभ जरूर मिले। श्रम मंत्री होने के नाते उनकी भी कोशिश है कि जिले के सभी श्रमिक योजनाओं का लाभ उठाएं। कार्यक्रम को राजीव सिंह, देवन्द्र पाण्डेय ने भी संबोधित किया। सहायक श्रम आयुक्त राजेश आदिले ने विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी उपस्थित लोगों को दी। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष देवेन्द्र पाण्डेय, अशोक चावलानी, कोसाबाडी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, कोरबा मंडल अध्यक्ष परविंदर सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।




### शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में निकाले गए ताजिए

# कर्बला की याद में आस्था और सौहार्द के साथ मनाया गया मोहर्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बुधवार को इस्लामी नव वर्ष के पहले महीने मोहर्रम की 10 तारीख को मुस्लिम समाज के लोगों ने पैगंबर इस्लाम हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करके हर्रम का पर्व कर्बला की याद में आस्था और सौहाद्र के साथ मनाया गया।

मोहर्रम का यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस अवसर पर शहर सहित उपनगरीय क्षेत्रों में मुस्लिम समाज के लोगों ने लंगर एवं सरबत व शीतल पेय का स्टाल लगाया और उपनागरीय क्षेत्रों से ताजिए निकाले गए। जिले में पिछले 50 वर्षो से ताजिये निकालने की परंपरा चली आ रही है। इस कड़ी में कल मुहर्रम के अवसर पर तुलसी नगर, पुरानी बस्ती, काशी नगर, बुधवारी, धनुहार पारा मुढापार से आस्था अनुशार तजिए निकाले गए और शाम होते ही सभी ताजिए पुराना बस स्टैंड में एकत्रित हुए। जहां बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने आस्थापूर्वक ताजिया के दर्शन किये और मन्नतें मांगी। इस अवसर पर पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था की गयी थी। गीतांजलि भवन के सामने पुराना बस स्टेण्ड में ताजिये देखने और मन्नतें मांगने वालों की भारी भीड़ जमा थी।



पुराना बस स्टेंड में पहुंचा ताजिया।



17 korba- Bhoompg4_Layout 1 7/17/2024 11:49 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### नशीली ड्रग्स के उपयोग ना करने विद्यार्थीयों ने ली शपथ

**कोरबा।** एम स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय सलोरा के सभागार में नवोदय विद्यालय समिति के निर्देशानुसार विद्यालय में नशीली ड्रग्स के उपयोग के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष प्रतिज्ञा समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक संतोष कुमार चौरसिया ने नशीली ड्रग्स के दुष्प्रभावों और उनके समाज पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों के बारे में छात्रों को बताया। उन्होंने छात्रों को ड्रग्स से दूर रहने और अपने आस-पास के लोगों को भी इसके बारे में जागरूक करने की सलाह दी। इसके बाद सभी छात्र-छात्राओं ने नशीली ड्रग्स का उपयोग न करने की प्रतिज्ञा ली। प्रतिज्ञा में यह संकल्प लिया गया कि वे न केवल स्वयं नशीली पदार्थों से दूर रहेंगे बल्कि अपने परिवार, मित्रों और समाज के अन्य लोगों को भी इसके बारे में जागरूक करेंगे। नवोदय विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य लोकचंद सोनटके के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम ने छात्रों में नशीली ड्रग्स के खिलाफ एक मजबूत संदेश दिया और उन्हें एक स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य के लिए प्रेरित किया।

### हनुमानगढ़ी में अनुष्ठान जुटे श्रद्धालु

**कोरबा।** चकचकवा पहाड़ी हनुमानगढ़ी स्थित प्राचीन मंदिर में मंगलवार को होने वाला साप्ताहिक अनुष्ठान नई पहचान बना रहा है। गत संध्या यहां सुंदरकांड और हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। उन्होंने महाआरती भी की। प्रकृति की सुरम्य वादियों में स्थित हनुमानगढ़ी काफी समय से लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करता रहा है। प्रशासन और मंदिर प्रबंधन समिति के द्वारा पिछले वर्षों में काफी सजाया व संवारा गया है। बताया जाता है कि हिन्दू त्योहारों के साथ-साथ पूरे सावन के महीने यहां अनेक कार्यक्रम संपन्न किये जाएंगे।

### कापूपहरी में किया गया पौधारोपण



**कोरबा।** जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रेणु प्रकाश के निर्देशन पर नारी शक्ति से जल शक्ति एक पेड़ माँ के नाम थीम पर पौधारोपण कापूपहरी में किया गया। जहाँ नारी शक्ति से जल शक्ति के बारे में बताया पानी की आवश्यकता सभी को है बिना पानी के कोई काम नहीं हो सकता। पानी के लिए पेड़ की आवश्यकता है पेड़ पानी को अपनी ओर खींच कर वर्षा कराते हैं पानी को तालाब हो या गड्ढा खोदकर एकत्रित करना चाहिए। पेड़ों से आक्सीजन जीवन के लिए मिलती है पेड़ नहीं रहेगा तो जीवन असंभव है। वहीं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे विस्तृत जानकारी दी गई और पोषण वाटिका प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में पंच शिक्षकों के अलावा परियोजना अधिकारी करतला श्रीमती रागनी बैस, परियोजना अधिकारी बरपाली श्रीमती रमोला रानी राय, पर्यवेक्षक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं महतारी वंदन के हितग्राहियों किशोरी बालिका एवं ग्रामीण जन उपस्थिति रहकर कार्यक्रम को सफल बनाते हुए एक पेड़ माँ के नाम के अलावा सात पेड़ का वितरण किया गया।

### जनपद पंचायत पाली में किया गया पौधरोपण

**कोरबा।** ग्राम पंचायत रेकी में एक पेड़ मां के नाम के कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत भवन एवं उचित मूल्य की दुकान परिसर में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत पाली के सभापति मुकेश जायसवाल, ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती भगवती सुंदर सरूते, उपसरपंच रामानंद पटेल के हाथों पौधरोपण किया गया। सभी पौधो का सरंक्षण करने का संकल्प किया गया। इस कार्यक्रम में सभी पंच, भीम पटेल, फिरू पटेल, रामकुमार पटेल, सुमरित, सीताराम पटेल, ग्राम पटेल, कीर्तिराम पटेल, भोलाराम पटेल, राजकुमार पटेल, भरत पटेल, नाथूराम पटेल, शंकर पटेल, मनोज पटेल, अनिल पटेल, बोधन पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### पार्सल बोगी को लीज में देने ई-निविदा की प्रकिया 31 को होगी

**कोरबा।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों के सामानों को ट्रेनों के माध्यम से एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन भेजने के लिए पार्सल बोगी अथवा एसएलआर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। रेलवे की पार्सल सेवा छोटे व्यापारियों व यात्रियों की माल ढुलाई का एकमात्र सुविधाजनक साधन है। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुये छोटे बड़े व्यापारियों को प्रतिस्पर्धी दर के साथ सुरक्षित पार्सल माल परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मंडल से चलने वाली 10 ट्रेनों के 19 पार्सल बोगी (एसएलआर) को लीज पर देने के लिए आईआरईपीएस की वेबसाइट पर ई-निविदा जारी की गई है। पार्सल बोगी लीज आबंटन की प्रक्रिया 19 जुलाई को सुबह 11 बजे से की जानी थी जिसे तकनीकी कारणों से स्थगित करते हुए 31 जुलाई की सुबह 11.30 बजे किये जाने का निर्णय लिया गया है। अब इस ई-निविदा की प्रक्रिया 31 जुलाई की सुबह 11.30 बजे से होगी।

# कोरबा-बिलासपुर के मध्य फिर रद्द हुई पैसेंजर

## यात्रियों को हो रही गाड़ियों के रद्द होने से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

शहर के रेलवे स्टेशन से बिलासपुर रायपुर की ओर जाने वाली यात्री गाड़ियां एक बार फिर रद्द की जा रही है। इसके पूर्व 16 जुलाई तक पैसेंजर ट्रेनें अकलतरा स्टेशन के समीप इंटरलॉकिंग का कार्य होने के कारण स्थगित की गई थी। 19 जुलाई से दोबारा एक बार फिर कोरबा से बिलासपुर, रायपुर की यात्री गाड़ियां कैंसल की जा रही है। इस बार चांपा, सारागांव रोड में ओव्हर ब्रिज के गार्डन लांचिंग के लिए ट्रॉफी कम करने पॉवर ब्लॉक का कार्य किया जाएगा।

रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के सभी कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी संदर्भ में अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत चांपा एवं सारागांव रोड़ में चांपा-कोरबा-कटघोरा सेक्शन नेशनल हाइवे में रोड ओवर ब्रिज निर्माण के लिए गर्डर लांचिंग कार्य हेतु 5 दिन ट्राफिक कम पावर ब्लाक लेकर कार्य किया जायेगा। इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस कार्य के पूर्ण होते ही गाडियों के परिचालन में गतिशीलता आयेगी। रद्द होने वाली गाडियों में 20, 21, 30 जुलाई व 5 एवं 9 अगस्त को गाड़ी संख्या 08734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू स्पेशल रद्द रहेगी, 20, 21, 30 जुलाई व 5 एवं 9 अगस्त को गाड़ी संख्या 08733 गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 20, 21, 30 जुलाई व 5 एवं 9 अगस्त को गाड़ी संख्या 08732 बिलासपुर-कोरबा मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 20, 21, 30 जुलाई व 5 एवं 9 अगस्त को गाड़ी संख्या 08731 कोरबा-बिलासपुर मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।

**खास बात**

- चांपा एवं सारागांव रोड में ओवरब्रिज के गर्डर लांचिंग के लिए ट्रेफिक कम पॉवर ब्लाक लेकर किया जाएगा कार्य



## 5 हजार क्यूसेक उसे पानी छोड़ा जा रहा है हसदेव नदी में

# पानी के लिए किसानों की आने लगी डिमांड बांगो बांध के हाइडल की रफ्तार हुई 40 घंटे



बांगो बांध में भरा पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इस बार बरसात के शुरुआती दिनों में कुछ दिन बारिश तो अच्छी हुई लेकिन अब बारिश थम सा गया है जिसके चलते खेती किसानी का काम बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। खेतों की प्यास बुझाने के लिए पर्याप्त पानी मिल सके इसके लिए बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार 27 घंटे से बढ़कर 40 घंटे कर दी गई है। आने वाले दिनों में यदि ऐसा ही हाल रहा तो हाइडल की रफ्तार और बढ़ाई जाएगी ताकि किसानों को खेती के लिए भरपूर पानी मिल सके।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सबसे बड़े बांगो बांध जो कोरबा, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, सक्ती के किसानों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है। इसी बांध के पानी से खेती का काम व बड़े-बड़े उद्योग संयंत्र संचालित होते हैं। इन दिनों बारिश ने दगा दे दिया है और लंबे समय से बारिश नहीं हो रही है। जिसके चलते किसानों द्वारा लगातार खेती किसानी के लिए पानी की डिमांड की जा रही है। बताया जाता है कि पिछले दिनों किसानों की डिमांड पर बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट को 27 घंटे संचालित किया जा रहा था लेकिन इससे खेतों की प्यास नहीं बुझ रही थी और किसानों द्वारा पानी की रफ्तार और तेज करने की डिमांड आला अफसरों से की गई थी जिसके बाद जल संसाधन विभाग के अफसरों द्वारा बुधवार से बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार 27 घंटे से बढ़कर 40 घंटे कर दी गई है। बताया जाता है कि 40 घंटे हाइडल के चलने से लगभग 5 हजार क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। यह पानी सीधे दर्री बराज पहुंच रहा है और हसदेव दर्री बराज के माध्यम से किसानों को दाएं और बाएं तट नहर के माध्यम से पानी आपूर्ति की जा रही है।

### बाई तट में 3 हजार तो दाएं तट में 1817 क्यूसेक छोड़ा जा रहा पानी

जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक बांगो बांध के हाइडल प्लांट से पानी छोड़े जाने के बाद यह पानी सीधे हसदेव दर्री बराज पहुंच रहा है जिसके उपरांत किसानों को पानी देने के लिए दाएं और बाएं तट नहर के माध्यम से पानी दिया जा रहा है। बताया जाता है कि बुधवार को बांये तट नहर में 3 हजार क्यूसेक पानी और दाएं तट नहर में 1817 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है ताकि किसानों को खेती किसानी के लिए भरपूर पानी मिल सके। बताया जाता है कि एक या दो दिनों के भीतर नहर में पानी की रफ्तार और बढ़ाई जाएगी।

### बांगो बांध में मात्र 44 फ़ीसदी है पानी

बांगो बांध की कुल जल भराव क्षमता 359.6 मीटर है। बुधवार की स्थिति में बांगो बांध में 348.58 मीटर पानी भरा हुआ है जो कुल जलभराव क्षमता का मात्र 44.27 फ़ीसदी है। इस साल गर्मी के दिनों में लगातार हाइडल प्लांट को चलाकर किसानों को निस्तारी के लिए पानी दिया गया था जिसके चलते बांगो बांध का लेवल लगभग 40 फ़ीसदी तक पहुंच गया था। अब पहली बारिश के साथ बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में बारिश हो रही है जिसके चलते बांगो बांध का वाटर लेवल लगभग 4 फीसदी बढ़कर 44 फीसदी जा पहुंचा है लेकिन अभी भी वाटर लेवल बहुत कम है। आने वाले दिनों में अब जल संसाधन विभाग को बारिश का इंतजार है ताकि बांगो बांध लबालब हो जाए और पूरे साल भर किसानी और निस्तारी के साथ-साथ संयंत्र को भी पानी मिल सके।

# हल्की बारिश से निखरा वॉटरफॉल का रूप



नकिया वॉटर फाल का आकर्षक दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

घने वनों से आच्छादित जिले को प्रकृति ने बड़े ही खूबसूरत तरीके से सजाया है। जिले में कई छोटे बड़े झरने हैं जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इनमें से एक है नकिया वॉटरफॉल। वैसे तो यह 12 महीने बहने वाला झरना है लेकिन बरसात में इसकी खूबसूरती पर चार चांद लग जाते हैं। लोग इसका नजरा देखने पहुंच रहे हैं। इन दिनों नकिया वॉटरफॉल लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। रानी झरिया के बाद नकिया के जल प्रपात को लोग पसंद कर रहे है। छुट्टी के दिन यहां बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। यहां पहले हाइडल प्लांट भी लगा था वह अब बंद हो गया है। नकिया को भी पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना बनाई जा रही है। ठंड के दिनों में पिकनिक मनाने और घूमने यहां बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचते हैं। वहीं अब बरसात के दिनों में इसकी खूबसूरती पर चार चांद लगने से यह अपनी और आकर्षित कर रहा है।

## तीन नाबालिगों से चोरी का मोबाइल जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**कोरबा।** बालको थाना प्रभारी अभिनवकांत सिंह को मुखबीर से सूचना मिली थी कि क्षेत्र के कुछ नाबालिग युवकों द्वारा चोरी का मोबाइल इस्तेमाल किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तीनों नाबालिग युवकों को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से चोरी की गई एक नग चोरी का मोबाइल जप्त किया है। बताया जाता है कि युवकों ने पिछले दिनों मोबाइल को चोरी की थी। पुलिस ने इस मामले में धारा धारा - 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया था।

## दो बाइक में भिड़ंत, खाई में गिरने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोरकोमा निवासी प्रदीप राठिया 25 वर्ष किसी काम से धरमजयगढ़ हुआ था जहां से 16 जुलाई की रात को धरमजयगढ़ से वापस आ रहा था। इसी दौरान रात्रि 8 बजे के प्रदीप ने अपने परिजनों को फोन लगाकर घर आने की जानकारी दी थी जिसके कुछ देर बाद ही वह रजगामार चोकी के बताती के समीप पहुंचा था किसी दूसरे बाइक से प्रदीप की बाइक की आमने सामने भिड़ंत हो गई ओर वह सीधे खाई में जा गिरा लेकिन कई घंटे बीतने पर भी वह घर नहीं पहुंचा तो परिजन चिंतित हुए। यहां-वहां संपर्क करने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिला, ऐसे में उन्होंने पुलिस को अवगत कराया। पूरी रात कई प्रकार की आशंकाओं के भंवर में गोते लगाने के साथ यूं ही गुजर गई। बुधवार की सुबह 7 बजे मालूम चला कि बताती के पास एक खाईनुमा स्थान पर दो बाइक और एक शव मिला है। मौके पर पहुंचे किसी व्यक्ति ने मृतक की पहचान प्रदीप राठिया के रूप में की और उन्हें अवगत कराया। इसके बाद रजगामार चौकी पुलिस ने यहां पहुंचकर जायजा लिया। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

**खास बात**

- रजगामार चौकी क्षेत्र के ग्राम कोरकोमा का मामला

## थानेदार के घर में घुसा सांप, किया गया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा थाना परिसर में स्थित थाना प्रभारी के आवास में सांप घुसने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे कटघोरा के आरसीआरएस ग्रुप के स्नेक कैचर केशव जायसवाल ने कुछ देर की मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर सांप को दबोच लिया। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह कटघोरा थाना परिसर में स्थित कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी के आवास में परिजनों ने अंदर सांप देखा तो उन्होंने इसकी सूचना कटघोरा के आरसीआरएस ग्रुप के स्नेक कैचर केशव जायसवाल को दी। केशव जायसवाल ने परिसर स्थित थाना प्रभारी के आवास में पहुंचे और कमरों में सांप की तलाश की तो वह सामान के पीछे दुबका नजर आया। केशव जायसवाल ने जिस सांप को पकड़ा वह करीब 5 फीट लंबा धमना सांप था जो जहरीला तो नहीं होता लेकिन फुर्तीला होने की वजह से पकडन्ना मुश्किल होता है। केशव ने रेस्क्यू किए गए सांप को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।



सांप का रेस्क्यू करते सर्पमित्र।

## हरदीबाजार बस स्टैंड, कालेज रोड मुख्य मार्ग पर पसरी गंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

सार्वजनिक स्थान, चौक चौराहा, बाजार स्थल यदि साफ सुथरी रहती है तो आने जाने वाले लोगों को अच्छा लगता है और उस स्थानीय प्रशासन की तारीफ होती है और बदबूदार, कचरा बिखरे रहे, कीटाणु से लोग हलकान होते हैं, तो लोग स्थानीय प्रशासन को कोसते हैं।

इन दिनों कुछ ऐसा ही नजारा हरदीबाजार बस स्टैंड तो कालेज रोड़ के दोनों ओर मुख्य मार्ग में घरों से निकने वाला कीचड़ा एवं गंदा पानी फेंकने से सड़क कुड़ादान बन गया है। वहीं कालेज रोड में पानी निकलने की जगह नहीं से कांक्रीट की सड़क गड्ढे में राखड डाल देने से बाइक सवार, साईकिल सावर गिर रहे, मंगलवार को स्कूल के बच्चे साईकिल से पार होते समय पानी में गिरने से स्वयं और बैंग सहित पुस्तक कापी भी भींग गया। भाजपा युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष विनय चंद्राकर और भाजपा युवा नेता क्रांति राठौर ने इस गंभीर समस्या को लेकर ग्राम पंचायत को ध्यान देकर समस्या निदान करने की बात कहीं है। साथ ही कालेज चौक के दोनों ओर सड़क पर ही घर का कचरा पानी फेंकने से भी समस्या उत्पन्न हो रही है। इस ओर पंचायत को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है, जिंससे स्थानीय व्यापारियों,आम लोगों सहित आने जाने वाले लोग को राहत मिले।



इस तरह मार्ग में पसरी गंदगी व भरा पानी।

**जल्द किया जाएगा समाधान**

बस स्टैंड की सभी समस्याओं का जल्दी समाधान किया जायेगा। समझाइश के बाद भी स्थानीय लोग कचरा गंदा पानी सड़क पर ही फेंक रहे हैं यह उचित नहीं है इस दिशा में पंचायत संज्ञान लेगी।

-बिसाहू राम राज
सचिव ग्राम पंचायत

*कोरबा। मोरगा चौकी पुलिस ने अपहृत बालिकाओं को दस्तयाब किया गया एवं एक प्रकरण के आरोपी माचाडोली निवासी धर्मेन्द्र शर्मा उम्र 19 वर्ष पिता लालजी शर्मा एवं विधि विरूद्ध बालक को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां आरोपी धर्मेन्द्र शर्मा को न्यायिक हिरासत में जेल दाखिल किया गया एवं विधि विरूद्ध बालक को संप्रेक्षण गृह कोरबा में दाखिल किया गया है।

## कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर

# कानून का पालन करते हुए संवार सकते हैं अपना भविष्य : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी रामपुर कोरबा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा अध्यक्ष श्री सत्येन्द्र कुमार साहू ने कहा कि नियम कानून का पालन करते हुये शिक्षा का अवसर का लाभ उठाकर अपने भविष्य को संवार सकते है। नाबालिक बच्चे उत्सुकतावश कभी कभी गाड़ी चला लेते है लेकिन यह उचित नहीं है। गाड़ी चलाने के पहले लायसेंस रखना अनिवार्य है। यह मोटर अधिनियम में एक्ट है। गाड़ी चलाते समय हमेशा वैध लाईसेंस रखें वैध लाईसेंस नहीं होने पर कोई भी दुर्घटना घटित होती है, जो नाबालिक गाडी चला रहा था, उसके रिश्तेदार जो वाहन मालिक है। उनको दण्ड के साथ जुर्माना या क्षतिपूर्ति बहुत भारी देना पड़ सकता है। आप सभी बच्चे है महिला हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है, लेकिन आप आगे पढ़ाई करने जायेगी तो कभी भी अपनी स्वतंत्रता का दुरूपयोग मत करें, हमें हमेशा अपने नैतिक कर्तव्यों का पालन करना होगा। श्रीमती गरिमा शर्मा ने कहा कि आज आपके बीच जिले के सबसे बड़े जज प्रधान न्यायाधीश आये हैं, उनका आपके बीच आने का उद्देश्य यह है कि बच्चे को कानून से जुड़े छोटे-छोट नियमों का ज्ञान हो, कानून की जानकारी विद्यालयों में नहीं पढ़ाई जाती है इसके लिये अलग से पड़ने की आवश्यकता होती है। विधि के तथ्य की जानकारी न हो तो क्षम्य है, लेकिन कानूनी रूप से गलत काम करते है तो वह क्षम्य नहीं है। यदि कोई काननू बना है तो उसका पालन सभी व्यक्तियों को करना होगा। इस अवसर पर हॉस्टल वार्डन निशा पाटिल सोनारे, अतिथि शिक्षक करिश्मा बेक, असलेखा सिंह, विक्टोरिया टिर्की, पीएलव्ही वंदना चन्द्रोसा, गोपाल चन्द्रा, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय परिसर कोरबा के समस्त कार्यालयीन कर्मचारीगण उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित न्यायाधीश व छात्र छात्राएं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780